# अभिज्ञानशाकुन्तलम् से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रश्न

डा० धनञ्जय वासुदेव द्विवेदी

सहायक प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,

डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय

1. कालिदास की नाट्य कृति है-

(अ) उत्तररामचरितम्  (ब) मुद्राराक्षसम् **(स) अभिज्ञानशाकुन्तलम्** (द) वेणीसंहारम्

2. कालिदास की कृति नहीं है-

(अ) रघुवंश (ब) मेघदूत **(स) वेणीसंहार** (द) ऋतुसंहार

3. उपमा सम्राट् किसके लिए प्रयुक्त हुआ है-

(अ) भवभूति  **(ब) कालिदास** (स) माघ (द) भारवि

4. कालिदास की कीर्ति का आधार है-

(अ) मेघदूतम् (ब) रघुवंशम्  (स) विक्रमोर्वशीयम् **(द) अभिज्ञानशाकुन्तलम्**

5. अभिज्ञान शकुन्तलम् का सर्वप्रथम अंग्रेजी अनुवाद किया-

(अ) बालगंगाधर ने (ब) शेक्सपीयर ने **(स) विलियम जोन्स ने** (द) गेटे ने

6. कालिदास की नाट्य कृतियाँ हैं-

(अ) 5 (ब) 7 **(स) 3** (द) 4

7. कहाँ का राजा आखेट खेलते हुए कण्व के आश्रम में पहुँचा-

(अ) मगध का (ब) कुरुक्षेत्र का **(स) हस्तिनापुर का** (द) दिल्ली का

8. कालिदास की नाट्यकला किस नाटक में अंकुरित हुई-

(अ) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (ब) विक्रमोर्वशीयम् में **(स) मालविकाग्निमित्रम् में** (द) मेघदूतम् में

9. कालिदास की नाट्यकला पुष्पित हुई-

**(अ) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में** (ब) विक्रमोर्वशीयम् में (स) ऋतुसंहारम् में (द) मालविकाग्निमित्रम् में

10. किस नाट्यकृति में कालिदास की कला मधुरतम फल के रूप में परिणत हुई-

(अ) विक्रमोर्वशीयम् में **(ब) अभिज्ञानशाकुन्तलम् में** (स) मालविकाग्निमित्रम् में (द) वेणीसंहारम् में

11. कालिदास के सभी नाटक हैं-

**(अ) सुखान्त** (ब) दुखान्त (स) कल्पनान्त (द) सुखान्त-दुखान्त

12. कालिदास के नाटकों का प्रतिपाद्य विषय है-

**(अ) शृंगारपरक** (ब) भक्तिपरक (स) नीतिपरक (द) आध्यात्मिक

13. कालिदास ने अभिज्ञानशाकुन्तलम् में किस कथावस्तु को परिवर्तित रूप दिया है-

(अ) रामायणीय कथावस्तु **(ब) महाभारतीय कथावस्तु**

(स) पौराणिक कथावस्तु (द) दार्शनिक कथावस्तु

14. कालिदास का कथा विन्यास है-

(अ) श्रेष्ठ **(ब) सर्वश्रेष्ठ** (स) सामान्य (द) सन्तोषजनक

15. संवाद योजना की दृष्टि से किसका नाटक सर्वश्रेष्ठ हैं-

**(अ) कालिदास** (ब) माघ (स) भास (द) भवभूति

16. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में गुण की प्रधानता है-

(अ) ओज गुण **(ब) प्रसाद गुण** (स) माधुर्य गुण (द) इनमें से कोई नहीं

17. सीमित शब्दों में सशक्त भाषा का प्रयोग किसकी भाषा विशेषता है-

(अ) माघ (ब) भारवि **(स) कालिदास** (द) भवभूति

18. कालिदास किस शैली के आचार्य हैं-

**(अ) रसमयी** (ब) आलंकारिक (स) भावपरक (द) गुणपरक

19. कोमल भावों की अभिव्यंजना के आधार कविता कामिनी विलास किसे कहा गया है-

(अ) भवभूति (ब) माघ (स) भारवि **(द) कालिदास**

20. कालिदास के पुरुष पात्रों में नहीं हैं-

(अ) दुष्यन्त (ब) विदूषक **(स) भीम** (द) दुर्वासा

21. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण विशेषता नहीं पायी जाती है-

(अ) त्याग (ब) तपस्या (स) तपोवन **(द) चुगलखोरी**

22. शकुन्तला पति के चिन्तन में बैठी है-

**(अ) कुटिया के पास** (ब) भवन में (स) कुटिया में (द) उपवन में

23. शकुन्तला की विदाई का वर्णन किस अंक में है-

(अ) षष्ठ में (ब) सप्तम में (स) द्वितीय में **(द) चतुर्थ में**

24. शकुन्तला की विदाई के समय रेशमी वस्त्र दिये हैं-

**(अ) वृक्षों ने** (ब) पक्षियों ने (स) सखियों ने (द) कण्व ने

25. कालिदास ने अधिकतर रीति का प्रयोग किया है-

(अ) गौणी (ब) पांचाली **(स) वैदर्भी** (द) भाटी

26. कालिदास की शैली में किस गुण का न्यून मात्रा में प्रयोग है-

(अ) प्रसाद गुण (ब) माधुर्य गुण **(स) ओज गुण** (द) इनमें से कोई नहीं

27. कालिदास की शैली है-

(अ) वर्णनात्मक **(ब) ध्वन्यात्मक** (स) संकेतात्मक (द) निबन्धात्मक

28. उपमाओं के लिए विश्वविश्रुत कौन हैं-

(अ) भारवि (ब) दण्डी (स) माघ **(द) कालिदास**

29. कालिदास के नाटकों में छन्द की प्रमुखता है-

(अ) त्रिष्टुप् **(ब) आर्या** (स) उपजाति (द) मालिनी

30. मृग का पीछा करते हुए दुष्यन्त कहां पहुंचा-

(अ) मारीचि आश्रम में **(ब) कण्वाश्रम में** (स) अगस्त्य आश्रम में (द) वाल्मीकि आश्रम में

31. आश्रम में पहुंचकर दुष्यन्त शकुन्तला की किससे रक्षा करता है

(अ) गज से **(ब) भ्रमर से** (स) सिंह से (द) मृग से

32. शकुन्तला राजा दुष्यन्त पर किस कारण मोहित हो जाती है-

**(अ) गुणों से** (ब) वस्त्रों से (स) आभूषणों से (द) रूप से

33. भ्रमर से शकुन्तला की रक्षा करने का वर्णन अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अंक में है-

(अ) सप्तम में **(ब) प्रथम में** (स) पञ्चम में (द) तृतीय में

34. शकुन्तला स्वयं जल पीने से पहले किसे जल पिलाती है-

(अ) पशु-पक्षियों को **(ब) वृक्षों को** (स) पालतू हिरन को (द) इनमें से कोई नहीं

35. शकुन्तला की चारित्रिक विशेषता नहीं है-

(अ) प्रकृति प्रेमी (ब) आदर्श प्रेमिका

(स) आश्रम प्रेमी **(द) पक्षियों के प्रति कठोर व्यवहार करने वाली**

36. शकुन्तला की सच्ची सखी नहीं है-

(अ) अनसूया (ब) प्रियवंदा की (स) आश्रम के वृक्षों एवं लताओं की **(द) दुर्वासा की**

37. शकुन्तला की हितचिन्तक सखियां हैं-

(अ) अनसूया (ब) प्रियवंदा **(स) अनसूया एवं प्रियवंदा** (द) आश्रम के पक्षी

38. कण्व के आश्रम की रक्षा, यज्ञानुष्ठान, तप, अध्ययन आदि की व्यवस्था का कार्य किसने सम्पन्न किया-

(अ) शार्ङ्गरव ने (ब) शारद्वत ने **(स) शर्ङ्गरव एवं शारद्वत ने** (द) शकुन्तला ने

39. नागरिक जीवन की अपेक्षा आश्रम जीवन किसे प्रिय हैं-

(अ) शार्ङ्गरव को (ब) शारद्वत को **(स) शारद्वत एवं शार्ङ्गरव दोनों को** (द) इनमें से कोई नहीं

40. दुष्यन्त के सेनापति का नाम है-

(अ) सोमरात **(ब) भद्रसेन** (स) भीमसेन (द) रैवतक

41. विदूषक की विशेषताओं में नहीं है-

(अ) सरल स्वभाव (ब) सीधा सादा (स) अधिक भोजन प्रिय **(द) झगड़ालू**

42. नटी का गायन किस ऋतु से सम्बन्धित है-

**(अ) ग्रीष्म** (ब) शरद (स) वसन्त (द) हेमन्त

43. मृग बार-बार अपनी गर्दन मोड़कर रथ पर एक दृष्टि से देखने लगता है-

(अ) प्रेम के कारण **(ब) भय के कारण** (स) थक जाने के कारण (द) इनमें से कोई नहीं

44. पुरुष की दाहिनी भुजा फड़कना शकुनशास्त्र के अनुसार किस बात का प्रतीक है-

(अ) धन प्राप्ति का (ब) राज्य प्राप्ति का (स) शीघ्र मृत्यु का **(द) स्त्री की प्राप्ति का**

45. “ग्रीवाभङ्गाभिरामम्... ..स्तोकमुर्व्यां प्रयाति” नामक श्लोक किस रस का उदाहरण है-

**(अ) भयानक रस का** (ब) शृंगार का (स) वीर रस का (द) अद्भुत

46. विदूषक का शरीर क्यों जकड़ गया है-

(अ) वृद्ध होने के कारण (ब) नशीला पदार्थ लेने से

(स) चोट लग जाने से **(द) प्रतिदिन जंगली जानवरों का पीछा करने से**

47. ‘आशंकसे यदग्निं तदिदं स्पर्शक्षमरत्नम्’ में ‘रत्नम्’ कहा गया

(अ) दुष्यन्त को (ब) भरत को **(स) शकुन्तला को** (द) गौतमी को

48. यदालोके सूक्ष्मं व्रजति............श्लोक उद्धृत है-

**(अ) प्रथम अंक से** (ब) पञ्चम अंक से (स) सप्तम अंक से (द) द्वितीय अंक से

49. ‘पश्यमीव पिनाकिनम्’-इस अंश का वक्ता है-

**(अ) सूत** (ब) दुष्यन्त (स) सूत्रधार (द) नटी

50. “भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र”- प्रस्तुत सूक्ति किस ग्रन्थ से सम्बन्धित है-

(अ) नीतिशतकम् से (ब) उत्तररामचरितम् से (स) वैराग्यशतक से **(द) अभिज्ञानशाकुन्तलम् से**

51. “शमप्रधानेषु तपोधनेषु गूढं हि दाहात्मकमस्ति तेजः”-यह अभिज्ञानशाकुन्तलम् के किस अंक से उद्धृत है-

**(अ) द्वितीय से** (ब) चतुर्थ से (स) पञ्चम से (द) प्रथम से

52. “न जाने भोक्तारं कमिह समुपस्थास्यति विधिः”-यह किसका कथन है-

अ) शकुन्तला का **(ब) राजा का** (स) सूत का (द) इनमें से कोई नहीं

53. “यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीनां” कथन किसका है-

**(अ) कण्व के शिष्य का** (ब) कण्व का (स) अनसूया का (द) दुष्यन्त का

54. “सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वेरनुज्ञायताम्”- यह काश्यप ऋषि का सम्बोधन किसके लिए है-

(अ) वनवासियों के लिए (ब) शिष्यों के लिए **(स) समीपस्थ वृक्षों के लिए** (द) राजा के लिए

55. शकुन्तला को शाप किसने दिया-

(अ) कण्व (ब) मारीच **(स) दुर्वासा** (द) विश्वामित्र

56. अभिज्ञानशाकुन्तलम् का नायक कौन है-

(अ) कण्व (ब) माधव्य (स) दुर्वासा **(द) दुष्यन्त**

57. अभिज्ञानशाककुन्तलम् में विदूषक कौन है-

(अ) शार्ङ्गरव (ब) मातलि **(स) माधव्य** (द) वसन्तक

58. अभिज्ञानशाकुन्तलम् की नायिका है-

(अ) अनसूया (ब) गौतमी (स) प्रियंवदा (द) शकुन्तला

59. शकुन्तला के माता का नाम था-

**(अ) मेनका** (ब) गौतमी (स) हंसपदिका (द) वसुमती

60. दुष्यन्त और शकुन्तला का विवाह था-

(अ) गान्धर्व (ब) प्राजापत्य (स) ब्रह्म (द) दैव

61. 'गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः'-किसने कहा है-

(अ) दुष्यन्त (ब) कण्व (स) विदूषक (द) शारद्वत

62. महर्षि कण्व का आश्रम था-

(अ) मालिनी नदी के तट पर (ब) गङ्गा नदी के तट पर

(स) यमुना नदी के तट पर (द) गौतमी नदी के तट पर

63. दुष्यन्त ने जब आश्रम में प्रवेश किया तब महर्षि कण्व कहाँ गए हुए थे-

**(अ) सोमतीर्थ** (ब) शचीतीर्थ (स) प्रयाग (द) हरिद्वार

64. अभिज्ञानशाकुन्तलम् विभक्त है-

(अ) वर्गों में (ब) अध्यायों में **(स) अङ्कों में** (द) सर्गों में

65. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के कञ्चुकी का नाम है-

(अ) माधव्य (ब) शारद्वत (स) सर्वदमन **(द) वातायन**

66. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में अभिज्ञान शब्द से संकेतित है-

(अ) नूपुर (ब) कङ्कण **(स) अंगूलीयक** (द) सभी

67. अभिज्ञानशाकुन्तलम् के मङ्गलाचरण में कालिदास ने किसकी वन्दना की है-

(अ) विष्णु की (ब) जल की **(स) अष्टमूर्ति शिव की** (द) आकाश की

68. 'सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः'- यह किसकी उक्ति है-

(अ) कण्व **(ब) दुष्यन्त** (स) शकुन्तला (द) मारीच

69. ओषधीनाम् पतिः किसके लिए प्रयुक्त है-

(अ) सूर्य **(ब) चन्द्रमा** (स) अरुण (द) अश्विनी

70. अनन्यमनसा किसका विशेषण है-

(अ) प्रियंवदा **(ब) शकुन्तला** (स) गौतमी (द) दुर्वासा का

डा0 धनञ्जय वासुदेव द्विवेदी